
GAIL (India) Limited

Regd. Off. 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi-110 066
www.gailonline.com



GAIL (India) Limited

# 28वीं वार्षिक आम बैठक

# 28th Annual General Meeting

# अध्यक्ष का भाषण

# Chairman's Address

September 5, 2012

Adding momentum to a green movement ...

एक स्वच्छ अभियान को गति देते हुए ...









# Chairman's Statement for the 28th AGM of GAIL on 5th September 2012

Dear Shareowners,

On behalf of the Board of Directors, I welcome you all to this 28th Annual General Meeting of your Navratna Company. The Directors' Report and the Audited Accounts for the year 2011-12 are already with you and with your permission, I take them as read.

I am happy to share with you that your Company has once again maintained its excellent rating under the MoU 2010-11 with the Government. Further, your Company was the only one from Asia to receive the "World's No. 1 company in Downstream Operation" award for 2011 by Platts. I would like to express my gratitude to you for your support which has enabled the Company to reach these milestones.

## Performance




Your Company recorded sustained performance in key physical and financial parameters during the financial year 2011-12. Turnover, net of excise duty increased by 24% to Rs. 40,281 Crore. The Profit After Tax during 2011-12 increased by 3% to Rs. 3,654 Crore. The Earning Per Share of your Company was Rs. 28.8 per share in 2011-12 as against Rs. 28.07 per share in the previous year. Maintaining a consistent track record of dividend, the Board of Directors has recommended payment of total dividend at the rate of 87% on the paid-up share capital of your Company for 2011-12.


During the year in review, turnover from Natural Gas Trading increased by 31 percent, Petrochemicals business by 15 percent, and LPG & Liquid Hydrocarbons business by 11 percent.

On 23rd March 2012, the Dahej-Vijaipur-Dadri-Bawana-Nangal/Bathinda pipeline was dedicated to the nation by the Hon'ble Prime Minister of India during the inaugural ceremony of 7th Asia Gas Partnership Summit organized by your Company. This 22,00 km long pipeline was completed at a cost of Rs. 13,000 Crore by your Company. You would be happy to know that this is the largest pipeline ever commissioned in the country.

## The Industry

The global economic scenario is far from being stable and is threatened by a continued dampening of demand in developed markets. Nevertheless, Indian economy is presently growing at a rate of around 6.5%. However, it is expected that with the policy measures and initiatives taken by Government, trajectory of over 8% GDP growth may be attainable in the times to come.

India's energy sector is going through a critical phase and needs to address the three challenges of Availability, Accessibility and Affordability of energy supply to fuel sustainable growth. In the context of continuing increase in energy demand and pursuit of greener growth,




natural gas will keep growing in importance. Ongoing regulatory and policy reforms, continued thrust on development of gas infrastructure, greater connectivity to supply and demand centres, and the ready availability of a consuming market are leading to expanding market for gas in India.

Considering the growth plans in the power, fertilizer, city gas distribution and industrial segments, there is a large potential for increased gas consumption in India. Consumption of natural gas in India has grown faster than all other fossil fuels in recent years. Going forward, the demand for natural gas in the country may reach up to 330 MMSCMD by the end of 12th five year plan offering several opportunities to your Company.

Business Initiatives

The implementation of various projects and business initiatives under the Strategy 2020 of your Company is currently underway. In the year 2011-12, your Company completed 1,370 km pipelines, thereby increasing its network to 9,500 km. It recently received authorization to build the 1,540 km Surat-Paradip pipeline. With execution of various on-going projects, your Company will be establishing a pan-India presence having a pipeline network of about 14,500 kms and capacity of over 300 MMSCMD within the next few years.

Your Company is making efforts to further strengthen its presence in the Petrochemicals sector. The project to double the capacity of existing petrochemical plant at Pata at an investment of Rs. 8,140 Crore is progressing as per schedule. The 2,80,000 tonnes per annum petrochemical plant in Assam is also moving forward through the subsidiary of your Company, Brahmaputra Cracker and Polymer Limited. The Company has also taken an equity stake in the greenfield petrochemical project being implemented by ONGC Petro Additions Limited (OPaL) at Dahej and has around 38 percent marketing rights for petrochemicals produced from OPaL.

In the upstream segment, your Company stepped up efforts to source higher volumes of LNG through global sourcing and Mergers & Acquisitions. Last year, your Company established a wholly-owned subsidiary, GAIL Global (USA) Inc. in USA to acquire 20% stake in Eagle Ford Shale acreage of Carrizo Oil & Gas Inc. Your Company also signed a 20-year Sales and Purchase Agreement with Sabine Pass Liquefaction LLC, a unit of Cheniere Energy Partners, for supply of 3.5 million tonnes per annum of LNG. This agreement signals a new approach in gas pricing worldwide because of its price linkage with Henry Hub gas price instead of Crude oil. Your Company has been actively pursuing import of gas through the TAPI trans-national pipeline and it executed the Gas Sales Purchase Agreement with Turkmengaz for supply of 38 MMSCMD for 30 years. Last year, your Company also opened its Singapore office to establish a trading desk for LNG and petrochemicals and enhance marketing revenues.

Your Company is strengthening its retail presence through its wholly-owned subsidiary, GAIL Gas Limited which is expanding supply of piped natural gas and compressed natural gas to several cities and towns in the country. In order to reduce its carbon footprint and achieve sustainable growth, your Company is building a portfolio of renewable businesses. Your Company set up 118 MW wind power capacity during the year and is in the process of setting up a solar Photovoltaic project in Rajasthan under the Jawaharlal Nehru National Solar Mission.

Way Forward

Globally, the gas market is witnessing wide ranging



changes leading to major supply, demand, pricing and structural shifts in the market. In India also, the gas market is set to evolve significantly and be more integrated with world markets. As India's gas sector develops, a number of growth opportunities will emerge along the value chain. Your Company is well placed to tap the opportunity presented by such growth. The way ahead is to forge win-win partnerships in various areas of gas value chain.

Over the years, your Company has played an important role in enhancing India's energy security through building gas-based infrastructure, seeding gas markets and developing downstream sectors like fertilizers, power, petrochemicals and City Gas Distribution. It intends to intensify its efforts further in this direction and give impetus to the movement towards a greener economy. Your Company has identified focus areas of growth for the current decade with an aspiration to reach a Turnover of Rs. 1,30,000 Crore by 2020.

We would be investing an amount of around Rs. 25,000 Crore in the next few years in India and overseas in various business segments. To maintain its dominant position in the gas transmission segment, your Company will continue to focus on strategic pipeline investments, support existing customer relationships and increase customer base. The network augmentation comprises of adding trunk pipelines, spurlines and inter-connecting pipelines to facilitate an integrated National Gas Grid.

The Company is contracting natural gas from domestic as well as international sources. In order to support higher LNG imports, your Company is working towards setting up new LNG regasification terminals in the country besides tying up regasification capacities in existing and upcoming terminals.

Your Company aims to be amongst the top two petrochemical marketers in the country. It plans to set up new capacities and further increase marketing volumes through trading. By 2014-15, your Company is expected to have 1.7 MMTPA marketing volumes of polymers. Your Company is also considering expansion of operations in Exploration & Production and renewable energy. For realizing its ambitious goals, your Company is continuously developing the capacity and capability of its existing talent.

Creating Societal Value and Sustainable Business

Your Company believes that responsible business philosophy is the key to drive business innovation, societal



value creation and higher economic value. It has shown care and concern towards the society and environment. Your Company has always focused on building an organizational culture that drives sustainable business practices. Social responsibility and sustainable development are accorded high priority in the organizational ethos and are interwoven in all its business activities and projects.

It gives me pleasure to share that last year your Company released its first Sustainability Report for 2010-11, based on the GRI G3 Guidelines. In addition, your Company became a signatory to the United Nations Global Compact (UNGC) to further align its operations and strategies with the ten universally accepted principles of UNGC. You would be happy to know that your Company is the first in India's Oil and Gas Sector to be included in the first environment friendly equity index launched by Bombay Stock Exchange called BSE-GREENEX.

Your Company's Social Responsibility programmes have made an impact on the lives of disadvantaged people and created new livelihoods with focus on inclusive growth in the country. During 2011-12, it allocated Rs. 83 Crore for various CSR initiatives. Amongst several programmes undertaken under CSR, 'GAIL Utkarsh' has enabled 74 underprivileged students to secure admission in top engineering institutions like IITs, NITs and others. In another project 'Padho aur Badho' around 6,300 slum children have received education in National Capital Territory and over 5,200 have been mainstreamed into the formal school system during the year. Further, over 950 poor youth were trained in various vocational skills under the project 'Swavalambh' and 1.63 Lakh poor patients have benefitted from free healthcare provided in 240 remote villages of UP and MP.

## Corporate Governance

Your Company believes in enhancing stakeholder wealth through adopting ethical and best practices of corporate governance. Your Company has been complying with the requirement on Corporate Governance as enunciated in the Listing Agreement and DPE Guidelines on Corporate Governance. In recognition for building a governance culture beyond compliance, your Company was conferred with ICSI National Award for Excellence in Corporate Governance. Your Company once again received "NIL" comments from Comptroller & Auditor General of India for 2011-12, which underlines its commitment for the best accounting and disclosure practices.

Your Company deploys the best-in-class technology to make continual improvement in its governance frameworks. It has taken several new IT initiatives like implementation of online bidding portal for supply of Spot RLNG, Tender Monitoring System and electronic Document Management System to enhance transparency, efficiency and customer satisfaction. These will also aid in faster and better decision making.

## Appreciations

During the year under review, the performance of your Company was recognized through several awards conferred upon it by organizations in India and abroad.



The Company was ranked as the No. 2 Gas Utility in Asia in the Platts Top 250 Energy Companies Rankings. In recognition of its high standards of corporate governance, a Commendation Certificate was conferred on your Company by SCOPE as one of the Top Companies adopting Excellent Practices in Corporate Governance. Various other awards in the area of Health, Safety & Environment were also won by your Company. Notwithstanding these laurels, your Company shall continue to put its persistent efforts to create new benchmarks for itself.

## Acknowledgement

On behalf of the Board of Directors of the Company, I take this opportunity to express my deepest gratitude to our valued shareholders, for being a pillar of support in helping accomplish our shared aspirations.

I am grateful to the Ministry of Petroleum & Natural Gas, Government of India for its constant support and guidance. I also acknowledge the cooperation received from various wings of the Union Government, Petroleum & Natural Gas Regulatory Board, the State Governments and all other stakeholders. I would also like to take this opportunity to express my gratitude to my colleagues on the Board for their constant advice and encouragement. I would like to convey my sincere thanks to Team GAIL for their dedicated and relentless efforts which have enabled us to reach higher milestones.

I would like to assure you that your Company shall continue to work with greater commitment to achieve lasting competitive advantage for an exciting future.

Thank you very much ladies and gentlemen.

B.C. Tripathi
Chairman & Managing Director

5th September, 2012

**Note:** Excerpts from the Chairman's speech at the 28th Annual General Meeting held on the 5th September, 2012 at New Delhi. This does not purport to be a record of the proceedings of the Annual General Meeting.









# दिनांक 5 सितंबर, 2012 को गेल की 28वीं वार्षिक आम सभा हेतु अध्यक्ष का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकगण,

मैं, निदेशक मंडल की ओर से आपकी कंपनी की 28वीं वार्षिक आम सभा में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। निदेशकों की रिपोर्ट तथा वर्ष 2011–12 के लेखापरीक्षित लेखे आपके पास पहले से हैं ही । आपकी अनुमति से मैं उन्हें पढ़ा गया मान लेता हूं।

मुझे आपको बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी ने सरकार के साथ 2010–11 के समझौता ज्ञापन में उत्कृष्ट रेटिंग बनाए रखी है । इसके अलावा, आपकी कंपनी प्लेट्स द्वारा 2011 के लिए "डाउनस्ट्रीम प्रचालन में विश्व की प्रथम कंपनी" का पुरस्कार प्राप्त करने वाली एशिया की एकमात्र कंपनी थी । मैं आपके समर्थन और सहयोग के लिए आपका आभार प्रकट करता हूं जिससे कंपनी इन उपलब्धियों को हासिल कर सकी है ।

## कार्यनिष्पादन





आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान प्रमुख वास्तविक और वित्तीय मानदंडों पर निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है। कारोबार, निवल उत्पाद–शुल्क में 24% वृद्धि होने से वह 40,281 करोड़ रुपए हो गया। 2011–12 के दौरान कर पश्चात लाभ 3% बढ़कर 3,654 करोड़ रुपए हो गया । 2011–12 में आपकी कंपनी की आय 28.8 रुपए प्रति शेयर थी जबकि गत वर्ष यह 28.07 रुपए प्रति शेयर थी । लाभांश का ट्रैक रिकार्ड कायम रखते हुए निदेशक मंडल ने वर्ष 2011–12 के लिए आपकी कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी पर 87% की दर से लाभांश के भुगतान की सिफारिश की है ।

समीक्षाधीन वर्ष में प्राकृतिक गैस की बिक्री में 31%, पेट्रोकैमिकल कारोबार में 15%, एलपीजी तथा तरल हाइड्रोकार्बन कारोबार में 11% वृद्धि हुई ।

गत वर्ष आपकी कंपनी द्वारा आयोजित 7वें एशिया गैस पार्टनरशिप समिट के उदघाटन समारोह में 23 मार्च, 2012 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने दहेज – विजयपुर – दादरी – बवाना – नंगल/भटिंडा पाइपलाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। इस 2,200 कि.मी. लम्बी पाइपलाइन को आपकी कंपनी ने 13,000 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया । आपको यह जानकर खुशी होगी कि यह देश में चालू की गई अभी तक की सबसे लम्बी पाइपलाइन है ।

## औद्योगिक परिदृश्य

विश्व का आर्थिक परिदृश्य स्थिर नहीं है और विकसित बाजारों में मांग की निरंतर कमी द्वारा उसके लिए संकट उत्पन्न हो रहा है। परंतु वर्तमान में भारत की अर्थव्यावस्था में लगभग 6.5% की दर से वृद्धि हो रही है । फिर भी आशा है कि सरकार द्वारा किए गए




नीति संबंधी उपायों और प्रयासों से आने वाले समय में 8% की जी डी पी वृद्धि हासिल की जा सकती है ।

भारत का ऊर्जा क्षेत्र एक नाजुक स्थिति से गुजर रहा है और ऊर्जा की उपलब्धता, सुलभता और किफायतीपन – इन तीन चुनौतियों का सामना करना आवश्यक है ताकि सतत प्रगति की जा सके । ऊर्जा की मांग में निरंतर वृद्धि और स्वच्छ प्रगति के अनुसरण में प्राकृतिक गैस का महत्व बढ़ता रहेगा । चल रहे विनियामक और नीति संबंधी सुधार, गैस–अवसंरचना के विकास पर निरंतर बल, आपूर्ति और मांग के केन्द्रों तक अधिक पहुंच और उपभोक्ता, बाजार की सुलभता भारत में गैस के लिए बाजार का विस्तार करेंगे।

पॉवर, उर्वरक, शहर गैस वितरण और औद्योगिक खण्ड में प्रगति की योजनाओं को देखते हुए भारत में गैस की अधिक खपत की अत्यधिक संभावना है । हाल के वर्षों में भारत में अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में प्राकृतिक गैस की खपत तेजी से बढ़ी है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक देश में प्राकृतिक गैस की मांग 330 एमएमएससीएमडी तक पहुंच सकती है जिससे आपकी कंपनी को अनेक अवसर प्राप्त होंगे ।

### व्यापारिक प्रयास

आपकी कंपनी की नीति 2020 के तहत विभिन्न परियोजनाएं और व्यापारिक प्रयास कार्यान्वयनाधीन हैं । वर्ष 2011–12 में आपकी ने 1,370 कि.मी. लंबी पाइपलाइन का कार्य पूरा किया है जिससे इसका नेटवर्क बढ़कर 9,500 कि.मी. हो गया है । हाल ही में इसे 1,540 कि.मी. लम्बी सूरत–परादीप पाइपलाइन के निर्माण हेतु प्राधिकरण प्राप्त हुआ है। चल रही विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन से आपकी कंपनी अगले कुछ वर्षों में लगभग 14,500 कि.मी. लम्बे और 300 एमएमएससीएमडी से अधिक क्षमता वाले पाइपलाइन नेटवर्क के साथ संपूर्ण भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज करेगी ।

आपकी कंपनी पेट्रोकैमिकल क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और अधिक दृढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है । पाता में मौजूदा पेट्रोकैमिकल संयंत्र की क्षमता को 8,140 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना करने की परियोजना का कार्य निर्धारित समय के अनुसार चल रहा है । असम में 2,80,000 टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले पेट्रोकैमिकल संयंत्र का कार्य भी आपकी कपंनी की अनुषंगी कंपनी–ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलीमर लिमिटेड के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। कंपनी ने दहेज में ओएनजीसी पेट्रो एडीशन्स लिमिटेड (ओपाल) द्वारा कार्यान्वित की जा रही ग्रीन फील्ड पेट्रोकैमिकल परियोजना में इक्विटी भी हासिल की है और ओपाल द्वारा उत्पादित पेट्रोकैमिकल के लगभग 38 प्रतिशत विपणन अधिकार इसके पास हैं।

अपस्ट्रीम खंड में आपकी कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों, विलयन और अर्जन द्वारा अधिक मात्रा में एलएनजी प्राप्त करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। गत वर्ष आपकी कपंनी ने कैरिजो ऑयल एंड गैस इंक के ईगल फोर्ड शेल एकरेज में 20% स्टेक हासिल करने के लिए यूएसए में गेल ग्लोसबल (यूएसए) इंक नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी स्थापित की है । आपकी कंपनी ने प्रति वर्ष 3.5 मिलियन टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए चेनियर एनर्जी पार्टनर्स की एक यूनिट – सेबाइन पास लिक्वीफैक्शन एलएलसी के साथ 20 वर्ष का विक्रय एवं क्रय करार भी किया है । यह करार पूरे विश्व में गैस मूल्य निर्धारण के प्रति एक नए दृष्टिकोण का सूचक है क्यों कि इसका मूल्य कच्चे तेल के बजाय हेनरी हब गैस मूल्य से सम्बद्ध है । आपकी कपंनी टीएपीआई अंतर्राष्ट्रीय पाइपलाइन द्वारा गैस के आयात हेतु सक्रिय है और इसने 30 वर्षों तक 38 एमएमएससीएमडी की आपूर्ति हेतु तुर्कमेनगैज के साथ गैस विक्रय–क्रय करार निष्पादित किया है। गत वर्ष आपकी कपंनी ने एलएनजी और पेट्रोकैमिकल के लिए एक ट्रेडिंग डेस्क स्थापित करने और विपणन–राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से अपना सिंगापुर कार्यालय खोला ।

आपकी कंपनी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी– गेल गैस लिमिटेड के माध्यम से खुदरा बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत बना रही है । यह अनुषंगी देश में अनेक शहरों और कस्बों को पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस और कम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का विस्तार कर रही है । अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और सतत प्रगति के लिए आपकी कंपनी नवीकरणीय व्यापार पोर्टफोलियो बना रही है। वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 118 मे.वा. पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की और जवाहरलाल नेहरु नेशनल सोलर मिशन के अंतर्गत राजस्थान में एक सोलर फोटोवोल्टाइक परियोजना स्थापित करने जा रही है ।





### प्रगति के पथ पर

विश्व स्तर पर गैस बाजार में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं जिसके कारण बाजार में आपूर्ति, मांग, मूल्य निर्धारण और संरचनागत बदलाव हो रहे हैं। भारत में भी गैस बाजार का पर्याप्त विकास होने वाला है और विश्व के बाजारों के साथ अधिक एकीकृत होगा। भारत के गैस क्षेत्र के विकास के साथ–साथ मूल्य श्रृंख्ला में प्रगति के अनेक अवसर उत्पन्न होंगे । आपकी कंपनी इस प्रगति से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। अब गैस मूल्य श्रृंख्ला के विभिन्न क्षेत्रों में लाभदायी साझेदारी विकसित करनी होगी ।

इतने वर्षों में आपकी कंपनी ने गैस आधारित मूलभूत ढांचे का निर्माण करने, गैस बाजार का सृजन करने और उर्वरक, पॉवर, पेट्रोकैमिकल तथा शहर गैस वितरण जैसे डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों को विकसित करके भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह इस दिशा में अपने प्रयासों को और अधिक सघन करना चाहती है तथा एक स्वच्छ अर्थव्यवस्था के आन्दोलन को बढ़ावा देना चाहती है। आपकी कंपनी ने 2020 तक 1,30,000 करोड़ रुपए के कारोबार तक पहुंचने की आकांक्षा से वर्तमान दशक में प्रगति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान कर ली है ।

हम अगले कुछ वर्षों में भारत और विदेशों में अनेक कारोबारी क्षेत्रों लगभग 25,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। आपकी कंपनी गैस संचरण क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखने के लिए नीतिपरक पाइलपाइन निवेश करने, मौजूदा ग्राहक संबंधों को बनाए रखने तथा ग्राहक बढ़ाने पर निरंतर ध्यान केन्द्रित रखेगी। नेटवर्क–वर्धन में ट्रंक पाइपलाइनें, स्पर लाइनें तथा परस्पर जोड़ने वाली पाइपलाइनें शामिल हैं ताकि एक एकीकृत राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनाया जा सके ।

कंपनी स्वदेशी और साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय स्रोतों से प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए अनुबंध कर रही है। आपकी कंपनी अधिक एलएनजी आयात के लिए देश में नए एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है, साथ ही मौजूदा और आने वाले टर्मिनलों में पुनर्गैसीकरण क्षमता हेतु प्रयास कर रही है ।

आपकी कंपनी का उद्देश्य देश में दो शीर्ष पेट्रोकैमिकल विक्रेताओं में शामिल होना है । वह नई क्षमताएं स्थापित करने तथा ट्रेडिंग द्वारा विपणन मात्रा को और अधिक बढ़ाने की योजना बना रही है। आपकी कंपनी को आशा है कि 2014–15 तक पॉलीमर की मात्रा 1.7 एमएमटीपीए हो जाएगी ।

आपकी कंपनी अन्वेषण और उत्पादन तथा नवीकरण योग्य ऊर्जा के क्षेत्र में अपने प्रचालनों का विस्तार करने पर विचार कर रही है।



अपने इस महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आपकी कंपनी अपनी मौजूदा प्रतिभाओं की क्षमता और सामर्थ्य में निरंतर विकास कर रही है ।

### सामाजिक मूल्य और सतत कारोबार का सृजन

आपकी कंपनी का मानना है कि व्यापार में अभिनवता, सामाजिक मूल्यों के सृजन और उच्च किफायती मूल्य प्रदान करने की कुंजी उत्तरदायी व्यापार दर्शन होता है। इसने समाज और पर्यावरण के प्रति चिन्ता जताई है और उनका ध्यान रखा है। आपकी कंपनी ने हमेशा संगठनात्मक संस्कृति–निर्माण पर बल दिया है, जिनसे स्थायी कारोबारी प्रथाएं बनती हैं। संगठनात्मक ढांचे में सामाजिक दायित्व और सतत विकास को उच्च प्राथमिकता दी जाती है और यह इसकी सभी व्यापारिक गतिविधियों और परियोजनाओं में ये अन्तर्निहित हैं ।

आपको बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी ने 2010–11 के लिए अपनी पहली स्थायित्व रिपोर्ट जारी की जो जीआरआई जी3 मार्गनिर्देशों पर आधारित है। इसके अलावा, आपकी कंपनी अपने प्रचालनों और नीतियों को यूएनजीसी के सर्वतः स्वीकृत दस सिद्धांतों के अनुरूप बनाने के लिए यूनाइटेड नेशन्स् ग्लोबल कॉम्लेक्स (यूएनजीसी) की हस्ताक्षरकर्ता बन गई। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि आपकी कंपनी भारत के तेल और गैस क्षेत्र में पहली ऐसी कंपनी है जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा जारी 'बीएसई–ग्रीनेक्स' नामक प्रथम पर्यावरण–अनुकूल इक्विटी इंडेक्स में शामिल किया गया है ।

आपकी कंपनी के सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों ने समाज के पिछड़े लोगों की जीवन शैली पर अपना प्रभाव छोड़ा है और देश में सामूहिक प्रगति पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जीवन यापन के लिए नए साधनों का सृजन किया है। वर्ष 2011–12 के दौरान इसने विभिन्न सीएसआर प्रयासों के लिए 83 करोड़ का आवंटन

किया। सीएसआर के अंतर्गत हाथ में लिए गए अनेक कार्यक्रमों में से 'गेल उत्कर्ष' ने पिछड़े वर्ग के 74 छात्रों को आईआईटी, एनआईटी और अन्य शीर्ष इंजीनियरी संस्थानों में प्रवेश पाने में सहायता की। वर्ष के दौरान एक अन्य कार्यक्रम–'पढ़ो और बढ़ो' के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 6,300 स्लम बच्चों ने शिक्षा प्राप्त की और 5,200 से अधिक बच्चों को विधिवत स्कूल–प्रणाली में प्रवेश मिला। इसके अलावा 950 से अधिक निर्धन युवाओं को 'स्वावलम्ब' कार्यक्रम के तहत विभिन्न व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित किया गया और उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के दूर–दराज के 240 गांवों में उपलब्ध कराई गई निशुल्क स्वास्थ्य–देखभाल से 1.63 लाख निर्धन रोगी लाभान्वित हुए ।

## निगमित नियंत्रण

आपकी कंपनी निगमित नियंत्रण की नैतिक और श्रेष्ठ प्रथाओं को अपना कर स्टेकहोल्डर सम्पदा पर विश्वास रखती है। आपकी कंपनी सूचीकरण करार तथा निगमित नियंत्रण पर डीपीआई मार्गनिर्देशों के निहित निगमित नियंत्रण की अपेक्षाओं का पालन करती आ रही है। मात्र अनुपालन से हटकर एक निगमित नियंत्रण संस्कृति के निर्माण हेतु मान्यता प्रदान करने के लिए आपकी कंपनी को निगमित नियंत्रण में उत्कृष्टता के लिए आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। आपकी कंपनी को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से 2011–12 के लिए पुनः 'शून्य' टिप्पणी प्राप्त हुई, जो श्रेष्ठ लेखांकन और प्रकटन नीतियों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का द्योतक है ।

आपकी कंपनी अपने नियंत्रण ढांचे में निरंतर सुधार लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ टेक्नोंलॉजी को अपनाती है। इसने स्पॉट आरएलएनजी की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन बिडिंग पोर्टल का कार्यान्वयन, निविदा–निगरानी प्रणाली तथा इलैक्ट्रॉनिक दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली जैसे अनेक नए आईटी प्रयास किए हैं ताकि पारदर्शिता, कुशलता और उपभोक्ता– संतुष्टि में वृद्धि हो। यह शीघ्र और बेहतर ढंग से निर्णय लेने में भी सहायक होगी ।



## पुरस्कार

समीक्षाधीन वर्ष में आपकी कंपनी के कार्य प्रदर्शन को भारतीय और विदेशी संगठनों द्वारा पुरस्कारों के माध्यम से मान्यता प्रदान की गई। कंपनी को प्लेट्स शीर्ष 250 ऊर्जा कंपनियों की रैंकिंग में एशिया की नं. 2 गैस कंपनी का दर्जा दिया गया । निगमित नियंत्रण के उच्च स्तर के लिए मान्यता स्वरूप आपकी कंपनी को स्कोप द्वारा निगमित नियंत्रण में उत्कृष्ट प्रथाओं को अपनाने वाली शीर्ष कंपनियों में से एक कंपनी के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । स्वास्थ्य, संरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी आपकी कंपनी ने अनेक पुरस्कार जीते। इन मान्यताओं के बावजूद आपकी कंपनी स्वयं अपने लिए नए प्रतिमान बनाने के लिए निरंतर प्रयासशील रहेगी।

## आभार

कंपनी के निदेशक मण्डल की ओर से मैं अपने सम्मानित शेयरधारकों को हमारी सभी आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके ठोस सहयोग और समर्थन के लिए सच्चे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

मैं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार का उसके निरंतर सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करता हूं । मैं भारत सरकार की विभिन्न शाखाओं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, राज्य सरकारों और अन्य सभी शेयरधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए भी आभारी हूं। मैं निदेशक मण्डल के अपने सहयोगियों के प्रति भी उनके सतत् परामर्श और प्रोत्साहन के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं। मैं टीम गेल के समर्पित और अथक प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद करता हूं जिनकी वजह से हम ये उपलब्धियां हासिल कर पाए ।

मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि बेहतर भविष्य के लिए स्थायी प्रतियोगी लाभ लेने हेतु आपकी कम्पंनी और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी ।

देवियों एवं सज्जनों बहुत–बहुत धन्यवाद

त्रिपाठी

**बी. सी. त्रिपाठी**
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

5 सितम्बर, 2012

**टिप्पणी:** नई दिल्ली में दिनांक 5 सितम्बर 2012 को आयोजित 28वीं वार्षिक आम बैठक में दिए गए अध्यक्ष के भाषण का उद्धरण । यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाहियों का रिकार्ड नहीं है ।